स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 06.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने जोन 02 कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर नस्ती विलंब से प्रस्तुत किये जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के द्वारा आज जोन 02 वैशाली नगर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए एसएलआरएम की नस्ती विलंब से प्रस्तुत किये जाने के कारण उप अभियंता श्री अरविन्द शर्मा, विश्वजीत सेन गुप्ता, श्रीमती माधुरी टेंडेरकर को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोन आयुक्त श्री सुनील जैन को दिया गया साथ ही स्वच्छता निरीक्षक श्री व्ही.के. सेमुवल पर सक्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने प्रभार वाले वार्डों में घरों से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे जो सफाई मित्र (रिक्शा) के माध्यम से चिन्हित स्थान पर डम्प किये जाते हैं ऐसे स्थानो का नियमित रुप से निरीक्षण करते हुए सुखे एवं गीले कचरे पृथक–पृथक रखें जाये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

श्री सुंदरानी ने जोन कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए कार्यालय का भ्रमण कर उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया लोक निर्माण कार्य, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल, वाहन व्यवस्था, राजस्व वसुली, नस्तियों का संधारण, सहित कार्यालयीन कार्य की अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन जोन आयुक्त स्वयं करें एवं अपने अधिनस्त सतस्त कर्मचारियों से करावें। चल रहे विकास कार्य, सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कार्य पर लापरवाही पाये जाने पर सीधी कार्यवाही की जावेगी। स्वच्छता निरीक्षक श्री सेमुवल को निर्देशित किया गया कि कंटेनरों में हरे एवं नीले रंग का पेंट करावें उक्त कार्य को प्राथमिकता से करें। उपस्थित कर्मचारियों से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई किसी भी प्रकार के कार्य में परेशानी आने पर सीधे मुझसे बात कर सकते हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी